# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

*(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)*

(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997)

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शान्ति मैत्री

प्रो. कृष्ण कुमार सिंह
PROF. KRISHNA KUMAR SINGH
कार्यकारी कुलसचिव
ACTING REGISTRAR

दूरभाष / Phone : +91-7152-230902
फैक्स / Fax : +91-7152-247602


क्रमांक: 008/2017-18/GOWN/158/130
दिनांक : 26.09.2018

## परिपत्र

15 अक्टूबर 2018 को आयोजित हो रहे विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में पात्र उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों (सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध) के लिए वास्तविक क्रय मूल्य (Actual purchase value) पर स्नातकीय परिधान के संबंध में निम्नांकित व्यवस्था की जाती है:

1. **पुरुषों हेतु निर्धारित स्नातकीय परिधान खादी का सफेद कुर्ता व पायजामा/धोती** –
   - (i) विद्यार्थी खादी का सफेद कुर्ता, पायजामा/धोती की व्यवस्था स्वयं अपने खर्च पर करेगा। विद्यार्थी सुनिश्चित करें कि कुर्ता कॉलर सहित पूरी बाँह का हो।
   - (ii) उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा भी 38, 40, 42 एवं 44 नंबर के कुर्ता–पायजामा के सेट बनवाए जा रहे हैं। जिसका प्रति सेट (कुर्ता–पायजामा) मूल्य ₹ 1000/- (धुलवाई, स्टार्च व प्रेस सहित) है। इच्छुक विद्यार्थी उक्त राशि देकर इसे क्रय कर सकेंगे।

2. **महिलाओं हेतु निर्धारित स्नातकीय परिधान खादी की सफेद साड़ी (3 इंच के लाल बार्डर सहित) व लाल ब्लाउज** –
   - (i) खादी की सफेद साड़ी (3 इंच चौडाई के लाल बार्डर सहित) की व्यवस्था विश्वविद्यालय द्वारा ही की जाएगी जिसका मूल्य ₹ 700/- है। महिला उपाधि प्राप्तकर्ता उक्त राशि देकर इसे क्रय कर सकेंगी।
   - (ii) सफेद पेटीकोट एवं लाल ब्लाउज की व्यवस्था छात्रा को स्वयं अपने खर्च पर करनी होगी। गोल गले का सादा लाल रंग का ब्लाउज (तीन चौथाई आस्तीन तक) होना आवश्यक है।

3. **सभी उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों (पुरुषों एवं महिलाओं) हेतु खादी की गांधी टोपी और अंगवस्त्र** –

   विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा, जिसकी राशि ₹ 200/- विद्यार्थी को जमा करनी होगी।

उपरोक्तानुसार परिधान लेने के लिए विद्यार्थी कृपया दिनांक 05.10.2018 अपराह्न 3:00 बजे तक वित्ताधिकारी, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के पक्ष में बैंक (खाता संख्या 972110210000005, बैंक ऑफ इंडिया, हिंदी विश्वविद्यालय शाखा वर्धा, आई.एफ.एस.सी. कोड BKID0009721) में जमा कर इसकी पावती की सूचना, अपने लिए उपयुक्त परिधान विवरण स्वयं उपस्थित होकर या ई–मेल ***(dparidhan2018@gmail.com)*** द्वारा अवश्य दें। **उक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जाएगा।**

कृ.प.उ.

ज्ञान शान्ति मैत्री

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

*(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)*

(A Central University Established by Parliament by Act No.3 of 1997)

नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त Accredited with 'A' Grade by NAAC

प्रो. कृष्ण कुमार सिंह

PROF. KRISHNA KUMAR SINGH

कार्यकारी कुलसचिव

ACTING REGISTRAR

दूरभाष / Phone : +91-7152-230902

फैक्स / Fax : +91-7152-247602



**नोट :**

1. भुगतान उपरांत विद्यार्थी वांछनीय परिधान विश्वविद्यालय द्वारा प्रशासनिक भवन में चिन्हित किए गए चार काउंटरों (अकादमिक विभाग तथा भंडार एवं क्रय विभाग) से अपनी जमा राशि की रसीद दिखा कर 11 से 14 अक्तूबर 2018 को सुबह 10.30 से अपराह्न 04.30 बजे तक प्राप्त कर सकेंगे।
2. इसे वापस करने के इच्छुक विद्यार्थी (वर्धा से बाहर के) दीक्षांत समारोह समाप्त होने के बाद दिनांक 15.10.2018 को शाम 05.00 बजे से 06.00 बजे तक तथा अन्य विद्यार्थी दिनांक 16.10.2018 को सुबह 10.00 बजे से 05.00 बजे तक उल्लिखित काउंटरों से टोपी और अंगवस्त्र लौटा कर राशि प्राप्त कर सकेंगे।

26/09/18

**( कृष्ण कुमार सिंह )**

**प्रति –सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु** (ई–मेल द्वारा):

1) कुलपति कार्यालय
2) प्रति कुलपति कार्यालय
3) कुलसचिव कार्यालय
4) वित्त विभाग
5) अकादमिक विभाग।
6) क्रय विभाग।
7) समस्त सूचना–पट्ट।
8) जनसंपर्क अधिकारी को विश्वविद्यालय की वितानस्थली पर अपलोड करने हेतु।